ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी, नायब तहसीलदार, जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)

मुकद्दमा नं0 : 8204101 / 2026 तारीख पेशी : 30–06–2026

युधवीर सिंह पुत्र श्री पवन सिंह, गांव डलू, डाकघर वीजापुर, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि0प्र0) .. प्रार्थी।

बनाम

आम जनता .. प्रतिवादीगण।

विषय.––इश्तहार अखबारी बराये मृत्यु दर्ज करने बारे।

युधवीर सिंह पुत्र श्री पवन सिंह, गांव डलू, डाकघर वीजापुर, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि0प्र0) ने स्वयं पेश होकर प्रार्थना–पत्र हल्फी ब्यान पेश किया है कि मेरी पुत्री नूर की मृत्यु दिनांक 18–02–2023 को गांव डलू डाकघर वीजापुर, तहसील जयसिंहपुर, ग्राम पंचायत हलेड़ में हुई है इस सन्दर्भ में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी संलग्न किया है। परन्तु अज्ञानतावश प्रार्थी के घरवालो द्वारा अपनी पुत्री का मृत्यु पंजीकरण स्थानीय ग्राम पंचायत हलेड़ के अभिलेख मे दर्ज न करवाया गया है। अतः प्रार्थी न्यायालय के माध्यम से अपनी पुत्री की मृत्यु का पंजीकरण करने के आदेश ग्राम पंचायत हलेड़ को जारी करवाना चाहता है।

अतः प्रार्थी के आवेदन को स्वीकार करते हुए इस इश्तहार मुस्त्री मुनादी व चस्पांगी के माध्यम से प्रतिवादी आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त नूर पुत्री श्री युधवीर सिंह गांव डलू, डाकघर वीजापुर, तहसील जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि0प्र0) के मृत्यु तिथि 18–02–2023 के पंजीकरण बारे कोई उजर या एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन तारीख पेशी 30–06–2026 को दोपहर 02.00 बजे हाजिर अदालत होकर अपना उजर या एतराज पेश कर सकता है। अन्यथा बाद गुजरने तारीख पेशी को किसी किस्म का उजर एवं एतराज न सुना जावेगा व उपरोक्त मृत्यु पंजीकरण के आदेश संबन्धित स्थानीय पंजीकार, ग्राम पंचायत सचिव हलेड़ को जारी कर दिए जाएंगे।

यह इश्तहार मोहर अदालत व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01–06–2026 को जारी हुआ।

मोहर।

हस्ताक्षरित / –
नायब तहसीलदार,
जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि0प्र0)।

––––––––––